एक नजर में

विश्वनाथ धाम में स्व. अग्रवाल की पुण्यतिथि मनाई

इंदौर. विश्वनाथ धाम पर स्वर्गीय रमेश चंद्र अग्रवाल की स्मृति में पुण्य-स्मरण दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुकेश कचोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि रमेश जी के जीवन से दो मुख्य प्रेरणाएँ मिलती हैं- पहली, किसी भी कार्य के लिए दृढ़ संकल्प लेना और दूसरी, अपनी पहचान स्वयं बनाना. जीवन में अनेक संघर्षों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी. उनकी कार्यकुशलता, सरलता एवं नेकदिली के कारण वे देश के शीर्ष 100 प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में स्थान पा सके. कार्यक्रम की शुरुआत मुकेश कचोलिया, पंकज मित्तल और धीरेन पटेल ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर की एवं कार्यक्रम पश्चात गो सेवा भी की गई. इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य रचना जैन, नवनियुक्त प्राचार्य श्रीमती खुशबू झा, पवन जायसवाल, प्रकाश टांडी, सुनीता पासवाल सहित विश्वनाथ धाम का पूरा शिक्षक वर्ग एवं बच्चे उपस्थित रहे.

गुना में पहली बार गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ देहदान

इंदौर. गुना की शुक्ला कॉलोनी निवासी स्व. गांधारी शिरढोणकर का शुक्रवार को नेत्र एवं देहदान संपन्न हुआ. यह गुना में पहला अवसर रहा, जब देहदान शासकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया. दिवंगत के पुत्र निष्पाप शिरढोणकर और पोते कार्तिक ने दु:ख की घड़ी में यह निर्णय लेकर समाज को परोपकार का संदेश दिया. मोहन फाउंडेशन के समन्वय से नेत्रदान एमके इंटरनेशनल आई बैंक की टीम ने किया, जबकि शवदान भोपाल स्थित सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आयुर्वेद साइंस में संपन्न हुआ. अंतिम विदाई के दौरान गुना पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया. भोपाल में मेडिकल स्टाफ ने मानव श्रृंखला बनाकर पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया. इससे नेत्रहीनों को रोशनी और मेडिकल छात्रों को अध्ययन में सहायता मिलेगी.

सानंद में संवेदनशील नाटक 'करुणाष्टके' का मंचन आज से

इंदौर. सानंद न्यास के पांच दर्शक समूह के लिए एक कदम उठाओ तो सही, राह खुद ही मिल जायेगी... विचार को सार्थक करता, संवेदनशील नाटक 'करुणाष्टके' का मंचन 11 अप्रैल से लोकमाता देवी अहिल्या सभागृह विश्वविद्यालय परिसर में होगा. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानव सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि मराठी स्वतंत्रता-पूर्व काल की स्त्रियों के जीवन को संवेदनशील और साहसिक रूप में प्रस्तुत करने वाले मराठी व्यावसायिक नाटक 'करुणाष्टके' को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है. नाटक अपने कथ्य, अभिनय, दृश्य कल्पना, मंच सज्जा और संगीत से दर्शकों को अभिभूत नाटक के कलाकार है पर्ण पेठे, कल्याणी मुळे, केतकी सराफ, माधुरी भारती, किरण खोजे, प्रतिक्षा खासनीस, विनायक चव्हाण और गीतांजली कुलकर्णी. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे और मानद सचिव संजय वावीकर ने बताया कि नाटक 'करुणाष्टके' का मंचन 11 अप्रैल को रामु भैय्या दाते समूह के लिये अपराह्न 4 बजे, सायं. 7.30 बजे राहुल बारपुते समूह के लिये, इसी प्रकार 12 अप्रेल को मामा मुजुमदार के लिये प्रात: 10 बजे, वसंत समूह के लिये अपराह्न 4 बजे एवं सायं 7.30 बजे बहार समूह के लिये होगा.

वंदे मातरम् को लेकर कांग्रेस भाजपा में जुबानी जंग

- कांग्रेस से दी चुनौती, भाजपा ने दिया जवाब

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगद निगम परिषद में वंदे मातरम नहीं गाने को लेकर उठा मुद्दे पर आज भी कांग्रेस भाजपा में जुबानी जंग चलती रही. दोनों राजनीतिक दल स्वयं को सबसे बड़ा देशभक्त पार्टी बताने में लगे रहे. वहीं भाजपा ने आज शहर के सभी निगम वार्डो में सामूहिकवंदे मातरम् का गायन किया.

मुस्लिम महिला पार्षद द्वारा वंदे मातरम् नहीं गाने के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया है कि भाजपा और कांग्रेस अब उक्त मुद्दे को लेकर जमकर बयानबाजी कर रहे हैं. कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पार्टी के हर कार्यक्रम में वंदे मातरम् गाकर आयोजन शुरू करने की बात कही. वहीं भाजपा ने खुद को देशभक्ति का सबसे बड़ा दल बताने कर लिए आज सभी वार्डो में वंदे मातरम गायन का कार्यक्रम किया. इस बीच जुबानी जंग में यह बात दोनों पार्टियों के अल्पसंख्यक मोर्चा में पहुंच गई और दोनों दल के अल्पसंख्यक मोर्चे के नेताओं ने भी राष्ट्र गीत वंदे मातरम् गाया.

भाजपा ने सभी 85 वार्डों में किया सामूहिक गान, पुतला जलाया

कॉंग्रेस पार्षद नेत्रियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम का विरोध करने पर भाजपा द्वारा शहर के सभी 85 वार्डों में सामुहिक वंदे मातरम गीत गाया गया और राष्ट्रविरोधी कॉंग्रेस का पुतला दहन किया गया. खजराना में मुस्लिम समाज ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सामूहिक वंदे मातरम का गान किया.

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने चाणक्यपुरी चौराहे पर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि कॉंग्रेस पार्टी यदि वंदे मातरम का समर्थन करती है तो कॉंग्रेस पार्षद नेत्री फौजिया शेख अलीम और रुबीना खान को पार्टी से निष्कासित करें. उन्होंने कहा कि नगर निगम के बजट सत्र में कॉंग्रेस की दो पार्षदों ने वंदे मातरम का विरोध किया. वंदे मातरम भारत की आत्मा का गीत है. वार्ड 81 में चाणक्यपुरी चौराहे पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा, प्रदेश मीडिया पेनलिस्ट प्रेम व्यास, मंडल अध्यक्ष मनीष केसवानी, वीना शर्मा एवं साधु संतों की उपस्थिति में वंदे मातरम का सामुहिक गान किया गया. यहां राष्ट्र विरोधी कॉंग्रेस के पुतले को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने जूते चप्पलों से पीटा इसके पश्चात पुतले का दहन किया गया. वार्ड 7 में बड़ा गणपति मंदिर के सामने सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अमरदीप मौर्य, पार्षद मनोज मिश्रा, सिहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सामुहिक वंदे मातरम गान किया गया.

मुस्लिम समाज ने भी किया सामूहिक गान- खजराना में पूर्व पार्षद उस्मान पटेल के नेतृत्व में कान्हा जोशी, जोयब पटेल, मनोहर मंडल, इमरान शाह, फरीदा बी, अनीशा बी के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के नागरिकों ने सामुहिक वंदे मातरम का गान किया. आजाद नगर में मंडल अध्यक्ष दीपक राजोरिया, बबलू खां पंवार, यूनुस खान, नौशाद खान, डॉक्टर शकील राज, शबाना खान, के नेतृत्व में बड़केशवर मंदिर प्रांगण में वंदे मातरम का गान हुआ. वार्ड 58 में भी मुस्लिम समाज ने वंदे मातरम का गान किया.

किसने क्या दिया बयान...

- विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि जो वंदे मातरम नहीं गा सकते है, उन्हें देश छोड़ देना चाहिए.
- नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को वंदे मातरम गाने की चुनौती दी. साथ ही उक्त मुद्दे को भाजपा का षड्यंत्र बताया.
- कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि जो एक गिलास साफ पानी नहीं दे सकते है, वो राष्ट्र भक्ति का पाठ पढ़ा रहे है. कांग्रेस का खून आजादी के संघर्ष में रंगा है.
- कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के समीर खान के नेतृत्व कई मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वंदे मातरम् गाया.

शहर में मुद्दे और भी है...

नवभारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम परिषद बैठक में राजनीतिक दलों ने दो दिन पहले वंदे मातरम गाने का मुद्दा बनाया. उक्त मुद्दा बनाने के पीछे एक सुनियोजित योजना है, जिसमें शहर की तमाम समस्याओं और परेशानी पर बात करने से बचना मुख्य लक्ष्य माना जा सकता है. वर्तमान परिस्थिति में शहर के हालात हर मोर्चे पर बहुत खराब है. फिर भागीरथपुरा में गंदे पानी से लोगों का मरना, भाजपा परिषद को दागदार कर गया.

पिछले दो दिनों से वंदे मातरम नहीं गाने पर पार्षद फौजिया शेख को लेकर राजनीतिक दल सड़कों पर उतर आए हैं. नेता लोग यह भूल गए कि भागीरथपुरा में दूषित पानी से 36 लोगों की मौत हुई है. इससे बढ़कर यह है कि पूरे शहर में गंदे पानी की शिकायतों का विवरण नहीं दिया जा रहा है. गंदे पानी की समस्या का हल करना एक तरफ हो गया...

ऐसा माना जाता है कि मुस्लिम पार्षदों को राजनीतिक दल सुनियोजित योजना के तहत जीतने में सहायता करते हैं. इसके बाद जीते मुस्लिम पार्षदों का समय-समय पर मुद्दों खासकर शहर में सड़क, गंदे पानी की समस्या, ड्रेनेज, यातायात सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा या बहस से बचने के लिए योजनाबद्ध तरीके से उपयोग किया जाता है. ऐसी चर्चा पिछले दो दिनों से शहर के राजनीतिक हल्कों में चल भी रही है कि नेता लोग शहर की समस्याओं का निराकरण करने में असफल हो रहे हैं. सबसे बड़ा उदाहरण है भागीरथपुरा. उसके बाद शहर में प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष का वाटर ऑडिट, जिसमें हर इलाके में गंदे पानी के समस्या पाई गई. भागीरथपुरा घटना के बाद कतिपय नेता आक्रामक मुद्रा में है और उक्त मामले को पूरे देश में चर्चा का विषय बनाने में सफल भी रहे. ऐसा कहा जा रहा है कि कतिपय नेता पार्षदों के सवालों पर बहस से बचने की रणनीति बनाकर बैठक में आए थे. यही कारण था कि इस बार परिषद में सभापति के आसंदी का सत्ता पक्ष के लोगों ने निरंतर घेराव किया, जिसमें वंदे मातरम् भी एक मुद्दा है.

राजनीतिक हलकों और खासकर जनता के बीच भी यह चर्चा शुरू हो गई है कि वंदे मातरम् को लेकर जितने सक्रिय नेता हुए, यदि उतने सक्रिय शहर की समस्याओं ,खुदी सड़कें, गली गली में खुदाई, मुख्य मार्गो पर गंदगी और सबसे बड़ी और विकराल रूप धारण करती यातायात बदहाली पर सोचते तो बेहतर रहता. जनता की अपेक्षा भी यही है कि शहर की समस्याओं पर भी नेताओं की सक्रियता इसी तरह होना चाहिए जैसी अभी चल रही है.

फर्जी शेयर ट्रेडिंग कंपनी का भंडाफोड़, संचालक सहित 5 पर केस दर्ज

- ज्यादा मुनाफे के झांसे में फंसाकर की लाखों ठगी
- 23 सीपीयू, लैपटॉप, 14 डीवीआर, मोबाइल, कई सिम, चेकबुक व फाइलें जब्त



नव भारत न्यूज

इंदौर. तुकोगंज पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कंपनी संचालक समेत पांच आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस ने जांच के दौरान कंपनी के ऑफिस से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज भी जब्त किए हैं.

थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि 34 वर्षीय फरियादी नितेश भगत निवासी ग्राम बनेड़िया, देपालपुर ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे इंफिनिक्स इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक मनीष पांडे ने फोन कर शेयर मार्केट में निवेश पर ज्यादा मुनाफा दिलाने का लालच दिया. इसके बाद कंपनी की कथित मैनेजर नेहा जैन सहित अन्य कर्मचारियों ने अलग-अलग चरणों में उसे निवेश के लिए प्रेरित किया. शुरुआत में छोटा लाभ देकर उसे विश्वास में लिया, फिर टर्मिनल और अन्य सुविधाओं के नाम पर उससे 4.80 लाख रुपए जमा करा लिए. बाद में खाते में राशि शून्य दिखने पर ठगी का खुलासा हुआ.

> **आंध्रप्रदेश निवासी एक व्यक्ति से भी करीब 4.26 लाख ठगे**
>
> इसी तरह आंध्रप्रदेश निवासी एक अन्य व्यक्ति से भी करीब 4.26 लाख रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है. शिकायत पर पुलिस टीम ने अभय प्रशाल के पास स्थित कंपनी के ऑफिस पर दबिश दी. तलाशी में 23 सीपीयू, लैपटॉप, 14 डीवीआर, मोबाइल, सिम, चेकबुक, फाइलें सहित अन्य उपकरण और दस्तावेज जब्त किए. सभी सामग्री को सील कर मालखाने में जमा कराया है. आरोपी मनीष पांडे, अनिमेष चौहान, संदीप त्यागी, अनुराग सैहलानी और नेहा जैन के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एचपीवी टीकाकरण महाअभियान में इंदौर ने बनाया कीर्तिमान

- 4487 टीके लगाकर खुद का ही रिकॉर्ड तोड़ा

नव भारत न्यूज

इंदौर. एचपीवी टीकाकरण महाअभियान में इंदौर ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रदेश में एक दिन में सर्वाधिक टीकाकरण का रिकॉर्ड बनाया है. 9 अप्रैल को 3664 टीके लगाने के बाद दूसरे ही दिन 10 अप्रैल को यह आंकड़ा बढ़कर 4487 पहुंच गया, जिससे इंदौर ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया.

सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से यह महाअभियान चलाया जा रहा है. कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में अभियान को गति दी गई. महाअभियान के

तहत शुक्रवार को जिले में 229 टीकाकरण सत्र आयोजित किए, जिनमें 87 ग्रामीण और 142 शहरी क्षेत्र शामिल रहे. इन सत्रों में 43 शासकीय और 118 निजी स्कूलों के साथ साथ स्वास्थ्य संस्थानों में भी टीकाकरण किया. अभियान में करीब 1000 अधिकारी कर्मचारियों ने भागीदारी निभाई. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि दो दिनों में 14,379 टीके लगाए जा चुके हैं.

युवक ने जहर पीकर दी जान, सुसाइड नोट में तीन पर आरोप

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. युवक ने रविवार को जहरीला पदार्थ पी लिया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई.

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि नगीन नगर निवासी सोहन ओडवाल ने जहर खा लिया था. परिजन उसे इलाज के लिए अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई. जांच के दौरान डॉक्टरों को एक सुसाइड नोट मिला, जिसे पुलिस को सौंपा. सुसाइड नोट में ईश्नर टोडरमल, दिनेश टोडरमल और गजानंद टोडरमल पर प्रताड़ना और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं. युवक ने सुसाइड नोट में लिखा कि शादी के बाद लड़की पक्ष के लोग इस रिश्ते को नहीं मान रहे थे और लगातार उसे धमका रहे थे. नोट में यह भी उल्लेख है कि आरोपियों ने उसे झूठे केस में फंसाने, मोबाइल चेक करने, मारपीट करने और ड्रग्स रखकर फंसाने की धमकी दी. इन सब बातों से परेशान होकर उसने यह कदम उठाने की बात लिखी है. युवक ने अपने माता पिता के नाम भावुक संदेश भी लिखा, जिसमें खुद को असफल बताते हुए माफी मांगी और परिवार को हिम्मत रखने की बात कही. पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

किताब-यूनिफॉर्म खरीद में गड़बड़ी उजागर, इंदौर में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई

- एक ही दुकान से खरीद की बाध्यता पड़ी भारी
- स्कूल प्रबंधन पर एफआईआर

नवभारत न्यूज़

इंदौर. जिले में स्कूलों द्वारा कॉपी-किताबें और यूनिफॉर्म की खरीद को लेकर की जा रही मनमानी पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत किसी एक दुकान से ही सामग्री खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य करना प्रतिबंधित है. इसी क्रम में डोंगरगांव, महू स्थित साईं एकेडमी और विद्याश्री स्टेशनरी के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है.

शिकायतकर्ता योगेश ने हेल्पलाइन पर बताया कि स्कूल का पूरा कोर्स केवल एक ही दुकान पर उपलब्ध कराया जा रहा था और उसे अधिक कीमत पर खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा था. जांच में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया गया. प्रशासन ने सभी स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. अभिभावक 0731-2431117 हेल्पलाइन पर ऐसी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं.

बचत से विक्रेता का बढ़ा रहे व्यवसाय

इंदौर. फीस रिवीज़न के दो हफ्तों में ही मध्य प्रदेश के विक्रेताओं ने जबरदस्त तेजी प्रदर्शित की है. भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों के विक्रेता अपनी प्रोडक्ट लिस्टिंग का विस्तार कर रहे हैं और इस बचत का उपयोग अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए कर रहे हैं.

यह बात एमेज़ॉन इंडिया के डायरेक्टर प्रोडक्ट मैनेजमेंट विक्रम देशपांडे ने चर्चा करते हुए दी. एक कार्यक्रम में मीडिया से चर्चा मे उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश से 70 हजार से अधिक सैलर्स एमेज़ॉन.इन पर रजिस्टर्ड हैं. इस तेजी के साथ ही एमेज़ॉन ने अपने जीरो रेफरल फीस का कवरेज 10 गुना से अधिक बढ़ा दिया है. साल 2025 में जहाँ 1.2 करोड़ प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस ली जाती थी, वहीं इस साल इसे बढ़ाकर 12.5 करोड़ से अधिक कर दिया है. एक हजार रुपये से कम मूल्य के प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस के साथ 300 रुपये से कम मूल्य के प्रोडक्ट्स पर इज़ी शिप फीस में 20 प्रतिशत की कमी के नतीजे मिलने लगे हैं और विक्रताओं को कुल फीस में 70 प्रतिशत तक की बचत होने लगी है. इस बचत का उपयोग वो अपने सिलेक्शन, प्राईसिंग और कस्टमर एक्विज़िशन के लिए करते हैं. वहीं, पुष्प मसाले के ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग हेड तथा एमेज़ॉन सैलर, संदीप सिटोके ने कहा, पारंपरिक व्यापार में 50 साल गुजारने के बाद पुष्प ब्रांड के लिए ई-कॉमर्स में प्रवेश करना आसान नहीं था, पर एमेज़ॉन ने इसे बहुत सरल बना दिया. एक हजार रुपये से कम मूल्य के प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस से हमें काफी मदद मिली. जीरो रेफरल फीस ने हमारे प्रोडक्ट्स की कीमतों को किफायती बनाया, जिससे हम नए खरीदारों तक पहुँच पाए और हमारे ऑर्डर्स में काफी बढ़ोत्तरी हुई.

विद्यार्थी परिषद ने कॉलेजो में चुनाव कराने की मांग रखी

इंदौर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता एवं चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष आदित्य कुमावत ने मध्य प्रदेश सरकार व उच्च शिक्षा विभाग से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की है. कुमावत ने मध्य प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग उठाई है. एबीवीपी से जुड़े कुमावत, जो चमेली देवी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष हैं, ने राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग से अपील की कि 2017 के बाद बंद छात्रसंघ चुनाव दोबारा शुरू किए जाएं. उनका कहना है कि छात्रसंघ चुनाव राजनीति की पहली सीढ़ी हैं, जिससे युवाओं में नेतृत्व, अधिकारों के लिए संघर्ष और सही-गलत की समझ विकसित होती है. उन्होंने कहा कि युवाओं को राजनीति में अवसर देना देश को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है.

24 घंटे में 28 लाख की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

- अशोक लेलैंड कंपनी के वेयरहाउस से चुराए थे 240 सेंसर

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्षिप्रा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 28 लाख रुपए की चोरी का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए सभी 240 सेंसर बरामद कर लिए हैं.

फरियादी यशवंत जाधव ने 9 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि अशोक लेलैंड कंपनी में काम करने के दौरान आरोपी ने वेयरहाउस से पार्ट नंबर एक्ससीए 02100 नॉक्स सेंसर के 240 नग चोरी कर लिए. प्रत्येक सेंसर की कीमत 11 हजार 591 रुपए कुल 27 लाख 81 हजार 840 रुपए की हुई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भुटिया के निर्देश पर एएसपी रूपेश द्विवेदी और एसडीओपी देवेंद्र सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी ने टीम गठित की. टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि पटेल निवासी छोटा टिगरिया (देवास) को गिरफ्तार किया.

> **साथी के साथ सेंसर बेचने की तैयारी कर रहा था आरोपी**
>
> पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने पिछले 10 से 15 दिनों में डकाच्या स्थित अशोक लेलैंड कंपनी के वेयरहाउस से सेंसर चोरी किए थे. बाद में इन्हें अपने साथी राजा चौहान निवासी मांगलिया के साथ मिलकर बेचने की तैयारी कर रहा था. पुलिस ने सहआरोपी राजा चौहान को भी गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी रवि के पास से 90 सेंसर और राजा चौहान के पास से 150 सेंसर बरामद किए हैं. पूरी कार्रवाई में सीसीटीवी कैमरों और मुखबिर तंत्र की अहम भूमिका रही. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जा रहा है, ताकि चोरी की और वारदातों का खुलासा हो सके.

पहली मंजिल से गिरी ढाई साल की मासूम की मौत

इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसे में ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई. बच्ची निर्माणाधीन मकान की पहली मंजिल से गिर गई थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई.

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि गोल्फ लिंक सिटी रहने वाली प्रियांशी (ढाई साल) पिता कल्याण कुशवाह रविवार 5 अप्रैल को हादसे का शिकार हुई थी. उसे गंभीर हालत में पहले अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार रात करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई. कनाड़िया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

सार्वजनिक सूचना

हम IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड, इसके द्वारा आम जनता को सूचित करते हैं कि ऋण संख्या 800322 में हमारे ग्राहक दीपक कुमार, राधा बाई द्वारा गिरवी रखे गए नीचे दिए गए दस्तावेज मिल नहीं रहे हैं.

अप्राप्य मूल शीर्षक दस्तावेजों का विवरण

1. मूल विक्रय विलेख संख्या MP179092018A1058185 दिनांक 25/01/2018, जो शंकेश्वर डेवलपर्स द्वारा दीपक कुमार और राधा जी के पक्ष में निष्पादित किया गया था.
2. OCR क्लीयरेंस
3. मूल बिल्डर एनओसी मॉर्टगेज हेतु

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज मिलते हैं, तो उनसे अनुरोध है कि वे उन्हें हमारे नीचे दिए गए पते पर लौटा दें:- 102 / 103, दर्शन मॉल, 15/2 रेस कोर्स रोड, इंदौर-452001, मध्य प्रदेश या इंडिया इंफोलाइन लिमिटेड (IIFL टावर), प्लॉट नंबर 98, चौथी मंजिल, उद्योग विहार, फेज-IV, मारुति गेट नंबर 3 के पास, गुड़गांव-122016

स्थान: इंदौर — हस्ताक्षर/-
दिनांक: 11-04-2026 — अधिकृत अधिकारी

एक नजर में

देपालपुर न्यायालय परिसर को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान

स्वच्छता अभियान दिनचर्या का हिस्सा बने : जिला न्यायाधीश खान

इंदौर. नगर निगम इंदौर के आयुक्त द्वारा गठित सर्वेक्षण दल के माध्यम से किए गए गोपनीय स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान हेतु गोद लिए गए नगर परिषद देपालपुर के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय कार्यालयों में सिविल कोर्ट परिसर, देपालपुर को उत्कृष्ट स्वच्छता के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है.

उक्त उपलब्धि के उपलक्ष्य में व्यवहार न्यायालय देपालपुर में जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान की अध्यक्षता में एक स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर न्यायालय परिसर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं अनुशासन को और सुदृढ़ करने हेतु विशेष अभियान

चलाया गया. कार्यक्रम में सीनियर सिविल जज रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़, दिव्या श्रीवास्तव, सीएमओ बहादुर सिंह रघुवंशी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंतर सिंह मौर्य, सचिव दिनेश डोंड,उपाध्यक्ष दिलीप डाबी, कोषाध्यक्ष रजनी पवार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र पटेल, चेतन हार्डिया, पंकज तिवारी, प्रकाश धाकड़, दुलेन्द्र जैन, चिंतामन बाथम, सफाई दरोगा शैलेश कुराडिया, नायब नाजिर दिलीप यादव, सेलअमीन देवेंद्र कछवाह सहित सभी न्यायालयीन कर्मचारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर न्यायालय परिसर में स्वच्छता का निरीक्षण किया एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया. जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या और संस्कार का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए.

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियर कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री राजेंद्र कुमार वाडिया श्रीमती भारती वाडिया (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10077928 और आईएल10016675)	संपत्ति का वह भाग, फ्लैट संख्या 321, तीसरी मंजिल, लाभ अपार्टमेंट, श्री रामकमल रेसीडेंसी, ग्राम नैनोद, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत, 452001, क्षेत्रफल प्रशासनिक विवरण (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: कारपेट एरिया, सुपर बिल्ट अप एरिया, संपत्ति का क्षेत्रफल: 400.00, 462.00	रुपये 285705/- (रु. दो लाख पिच्यासी हजार सात सौ पांच मात्र) आईएल10077928 के लिए और रुपये 780332/- (रु. सात लाख अस्सी हजार तीन सौ बत्तीस मात्र) आईएल10016675 के लिए	06-01-2026	08-04-2026
श्री मनोहर नागराज हेमलता नागराज (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10239315)	प्लॉट नंबर 111, माँ विंध्यवासिनी, ग्राम-टाउनशिप, भाटखेड़ी, तहसील-महू, जिला-इंदौर, मध्य प्रदेश - 452001 स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा. वर्ग फुट में क्षेत्रफल: संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 750.00, 924.00, 1155.00	रु. 2533446/- (रु. पच्चीस लाख तैंतीस हजार चार सौ छियालीस मात्र)	07-01-2026	08-04-2026
श्री रामलाल लववंशी श्रीमती द्रोपती (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10210783)	प्लॉट संख्या 386-ए, सेक्टर ए, अरिहंत रेजीडेंसी, पीथमपुर सिटी होम्स, ग्राम भाटखेड़ी, तहसील महू, इंदौर, 453441 स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, विक्रय योग्य क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र कुल क्षेत्रफल: 600.00, 600.00, 600.00	रुपये 1656833/- (रु. सोलह